रेरा ने जारी की बिल्डरों और परियोजनाओं की रैंकिंग

पटना, हिब्यू। बिहार रेरा ने मंगलवार को राज्य में चल रही परियोजनाओं और बिल्डरों (प्रमोटरों) की ताजा रैंकिंग जारी की है। 31 जनवरी 2026 तक की प्रगति के आधार पर रैंकिंग की गई है।

रेरा अध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने बताया कि रेरा बिहार की वेबसाइट के नए संस्करण में परियोजनाओं एवं प्रमोटरों की रैंकिंग को 'आम लोग (फॉर द पब्लिक)' खंड में रखा गया है, ताकि घर की बुकिंग करने से पूर्व लोग रैंकिंग में दी गई जानकारी का लाभ उठा सकें। परियोजनाओं की रैंकिंग को बिहार रियल एस्टेट प्रोजेक्ट कोशेंट (बीआरक्यू) नाम दिया गया है। इसमें अंकों का निर्धारण निर्माण की गति, एकत्र की गई धनराशि के उपयोग तथा परियोजना के बिल्डर के विरुद्ध दर्ज शिकायत के मामलों की संख्या आदि के आधार पर किया गया है।

जुलाई 2024 में पहली बार रैंकिंग जारी की गई थी। मंगलवार को छठी बार रैंकिंग जारी की गई है। रेरा अध्यक्ष ने बताया कि अब क्यूपीआर जमा करने की प्रक्रिया को भी और अधिक व्यवस्थित कर दी गई है।